प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

केन्द्रीय सहायता

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने 2023 की बाढ़, भूस्खलन, बादल फटने की घटना के बाद हिमाचल प्रदेश के लिए 2 हजार 6 करोड़ 40 लाख रुपये के कुल परिव्यय के साथ "रिकवरी और पुनर्निर्माण योजना" को मंजूरी दी है। वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष की सदस्यता वाली समिति ने राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि एनडीआरएफ के तहत रिकवरी और पुनर्निर्माण फंडिंग विंडो से राज्य को वित्तीय सहायता के प्रस्ताव पर विचार किया। इस धनराशि से राज्य को 2023 मानसून के दौरान बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन के कारण होने वाली क्षति व विनाश के कारण रिकवरी व पुनर्निर्माण गतिविधियों में मदद मिलेगी। इसमें 15 सौ 4 करोड़ 80 लाख रुपये राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के तहत रिकवरी और पुनर्निर्माण फंडिंग विंडो से केन्द्र का हिस्सा होगा। इससे पूर्व, गृह मंत्रालय ने इस आपदा से प्रभावित हिमाचल प्रदेश को राहत कार्यों के लिय, 12 दिसम्बर 2023 को ही एनडीआरएफ से 6 सौ 33 करोड़ 73 लाख रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता की मंजूरी दी थी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने इस धनराशि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है।
रितेश / पीआईबी /

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में आज राजभवन शिमला में टीबी मुक्त भारत अभियान की गतिविधियों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हिमाचल प्रदेश द्वारा किए गए कार्यों के मूल्यांकन सहित केंद्र सरकार द्वारा देशभर में संचालित टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए और अधिक प्रभावी रणनीतियों व जनभागीदारी पर बल दिया।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि वार्षिक परीक्षा परिणामों में निराशाजनक प्रदर्शन वाले स्कूलों में अध्यापकों की जवाबदेही तय की गई है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूल जहां परीक्षा परिणाम शून्य से 25 फीसदी के बीच रहे हैं उन स्कूलों को नोटिस जारी करने के साथ ही अध्यापकों की इंक्रीमेंट भी उस वर्ष के लिए रोक दी गई है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में स्कूलों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की दिशा में शिक्षा विभाग द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।
——बाईट—रोहित ठाकुर—शिक्षा मंत्री——

**थे जहां पर रिजल्ट आपके निराशा जनक रहे हैं, विशीष कर आपका 0% से 25% के बीच सबको नोटिस भी जारी हुए और साथ ही उसमें इंक्रीमेंट भी उस वर्ष की रोक दी गई है, लेकिन टीचर्स की जवाब देई हो, उनके मै समझता**

हूँ रिस्पॉसिबिल्टी फिक्स की जाए साथ ही साथ जो हेड ऑफ दी institution होंगे उनकी भी हम responsibility फिक्स करना चाह रहे हैं और कई ऐसे भी मामले हमे देखने को आए चलो जहां तो स्टाफ का अभाव है वो तो एक मानी भी जा सकती है बात लेकिन जहां पर आपका 100% स्टाफ था और result बहुत ही निराशाजनक रहे इस बात को justify नहीं किया जा सका और इस बात को लेकर सरकार बिल्कुल सीरियस है हमारी quality education वर्तमान सरकार की पहली प्राथमिकता है ।

<u>शांडिल</u>

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। शिमला में आज सैनिक कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। धनीराम शांडिल ने कहा कि सेनाओं में हिमाचल के वीर स्पूतों का प्रतिनिधत्व जनसंख्या के अनुपात में सर्वाधिक रहा है और प्रदेश के बहादुर सैनिकों ने देश की रक्षा व अखंडता के लिए सदैव उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को प्रदेश के विभिन्न स्थानों में निर्माणाधीन सैनिक सदन, प्रशिक्षण अकादमी, नुरपूर और फतेहपुर में बनने वाले शहीद स्मारक व सैनिक कल्याण से जुड़े अन्य संस्थानों का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।

<u>नरेश चौहान</u>

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार पूरी पारदर्शिता व ईमानदारी से कार्य कर रही है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ा रही है जिसमें भ्रष्टाचार की कोई संभावना नहीं है। नरेश चौहान ने कहा कि विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर राज्य सरकार पर बिना तथ्यों के आरोप लगा रहे हैं।

———————————————————————